# WINSOME TEXTILE INDUSTRIES LIMITED

Regd.Office: 1, Industrial Area, Baddi, Distt. Solan (H.P.) 173205
Ph. : 01795-244045 Fax. 01795-244287 CIN: L17115HP1980PLC005647,
e-mail: cswtil@winsometextile.com, www.winsometextile.com

**Extract of Audited Financial Results for the Quarter and Year ended 31st March, 2025**

(Rs. in Lacs except EPS Data)

| Particulars | Quarter ended | | | Year ended | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 31.03.2025 (Audited) | 31.12.2024 (Un-Audited) | 31.03.2024 (Audited) | 31.03.2025 (Audited) | 31.03.2024 (Audited) |
| Total Income from operations | 22526 | 20127 | 21927 | 86816 | 82576 |
| Net Profit before tax, exceptional Items and /or extra ordinary items | 869 | 750 | 928 | 3511 | 2487 |
| Net Profit before tax (after exceptional and/or extra ordinary items | 869 | 750 | 928 | 3511 | 2487 |
| Net Profit/ (Loss) after tax | 694 | 549 | 697 | 2807 | 1868 |
| Total Comprehensive Income after tax & non controlling interest | 685 | 554 | 719 | 2813 | 1883 |
| Paid-up equity share capital (Face Value-Rs.10/- each) | 1982 | 1982 | 1982 | 1982 | 1982 |
| Reserves | - | - | - | 28337 | 25524 |
| Earning Per Share (of Rs. 10/- each) for continuing and discontinued operations) (not annualized) | | | | | |
| - Basic | 3.45 | 2.80 | 3.63 | 14.19 | 9.50 |
| - Diluted | 3.45 | 2.80 | 3.63 | 14.19 | 9.50 |

**Note :** The above is an extract of the detailed format of quarterly and yearly Financial Results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of said quarterly and year ended Financial Results is available on the Stock Exchange website i.e. www.bseindia.com and on the Company's website i.e. www.winsometextile.com.

For and on behalf of the Board
sd/-
**Ashish Bagrodia**
Chairman & Managing Director
DIN : 00047021

Date : 17-05-2025
Place : Chandigarh

# ASIAN WAREHOUSING LIMITED

CIN: U01403MH2012PLC230719
REGD OFFICE : 508, Dalamal House, Jamnalal Bajaj Road, Nariman Point, Mumbai - 400021
Tel :- 022-22812000 Email :- info.asianw@gmail.com

**EXTRACT OF AUDITED STANDALONE FINANCIAL RESULT FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED 31ST MARCH, 2025**

(Rs. In Lakh except per share data)

| Particulars | Three months Ended | | Previous Year ended | |
|---|---|---|---|---|
| | 31 March 2025 (Audited) | 31 March 2024 (Audited) | 31 March 2025 (Audited) | 31 March 2024 (Audited) |
| Total income from operations (net) | 118.28 | 38.57 | 213.65 | 170.52 |
| Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | (1.67) | (7.63) | (18.84) | 8.90 |
| Net Profit / (Loss) for the period before Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (1.67) | (7.63) | (18.84) | 8.90 |
| Net Profit / (Loss) for the year/period after tax | 0.37 | 5.90 | 5.99 | 14.61 |
| Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/(Loss) for the period (after Tax) and other Comprehensive Income (after Tax)] | (1.14) | 5.49 | 4.48 | 14.20 |
| Equity Share Capital | 348.72 | 348.72 | 348.72 | 348.72 |
| Earnings Per Share (EPS) (of Rs.10/- each) | | | | |
| Basic : | 0.01 | 0.17 | 0.17 | 0.42 |
| Diluted: | 0.01 | 0.17 | 0.17 | 0.42 |

Note:
1) The above is an extract of the detailed format of Audited Financial Results for the quarter and year ended 31st March 2025 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The Full format of the Quarterly and year ended Financial Results are available on the Stock Exchange website (www.bseindia.com) and the Company website (www.asianw.com).
2) The financial results have been prepared in accordance with Indian Accounting Standards (Ind-AS) as notified under the Companies (Indian Accounting Standards) rules, 2015 as specified under Section 133 of the companies act, 2013.
3) The above results have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors in their respective meetings held on 17th May 2025.

By order of the Board
For Asian Warehousing Limited
SD/-
Bhavik Bhimjyani
Chairman and Managing Director
DIN: 00160121

Date : 17th May 2025
Place: Mumbai

HDFC MUTUAL FUND
BHAROSA APNO KA
MUTUAL FUNDS Sahi Hai

# HDFC Asset Management Company Limited

CIN: L65991MH1999PLC123027

**Registered Office:** HDFC House, 2nd Floor, H.T. Parekh Marg, 165-166, Backbay Reclamation, Churchgate, Mumbai - 400 020. Phone: 022 66316333 • Toll Free Nos: 1800-3010-6767 / 1800-419-7676
e-mail: hello@hdfcfund.com • Visit us at: www.hdfcfund.com

## NOTICE

**NOTICE** is hereby given that HDFC Trustee Company Limited, the Trustee to HDFC Mutual Fund ("the Fund"), has approved distribution under Income Distribution cum Capital Withdrawal ("IDCW") Option of **HDFC Charity Fund for Cancer Cure (A Fixed Maturity Plan)**, a Close Ended Income Scheme with Tenure 1196 Days, a Relatively High Interest Rate Risk and Relatively Low Credit Risk ("the Scheme") and fixed **Wednesday, May 21, 2025** (or the immediately following Business Day, if that day is not a Business Day) as the Record Date for the same, as detailed below:

| Name of the Scheme / Plan(s) / Option(s) | Net Asset Value ("NAV") as on May 15, 2025 (₹ per unit) | Amount of Distribution (₹ per unit)# | Face Value (₹ per unit) |
|---|---|---|---|
| HDFC Charity Fund for Cancer Cure - Regular Plan - IDCW Option - 50% IDCW Donation Option | 10.5071 | 0.3783 | 10.00 |
| HDFC Charity Fund for Cancer Cure - Direct Plan - IDCW Option - 50% IDCW Donation Option | 10.5071 | 0.3783 | |
| HDFC Charity Fund for Cancer Cure - Regular Plan - IDCW Option - 75% IDCW Donation Option | 10.5071 | 0.3783 | |
| HDFC Charity Fund for Cancer Cure - Direct Plan - IDCW Option - 75% IDCW Donation Option | 10.5071 | 0.3783 | |

#The amount of distribution per unit will be the lower of the rate mentioned above or the available distributable surplus as on the Record Date.

**Pursuant to the Distribution, the NAV of the IDCW Option(s) of the above Scheme(s) would fall to the extent of such distribution and statutory levy, if any.**

Amount will be paid, net of applicable tax deducted at source (TDS), to those Unit holders / Beneficial Owners whose names appear in the Register of Unit holders maintained by the Fund / Statements of Beneficial Ownership maintained by the Depositories, as applicable, under the IDCW Option(s) of the aforesaid Scheme(s) on the Record Date.

Under this Scheme, IDCW declared (net of TDS / statutory levies) will first be paid / credited by the AMC to the unit holders bank account. The amount of donation will be debited from the bank account of the investor basis the one-time mandate (OTM) provided by the unitholder in favour of Indian Cancer Society (ICS). This debit will be initiated by ICS based on the information provided by the AMC. The amount of Donation will be calculated as a % of Gross IDCW i.e. before deduction of TDS / Statutory levies. Further, in case of any change in ownership of units on account of transfer / transmissions or otherwise, the transferee shall also ensure to donate. For this purpose, they may submit a fresh OTM mandate in favour of ICS.

All updations of PAN, KYC, email address, mobile number, nominee details, etc. should immediately be forwarded to the Investor Services Centers of the Fund (for units held in non-demat form) / Depository Participant (for units held in demat form). Unit holders are also advised to link their PAN with Aadhaar Number. Further, Unit holders can view the Investor Charter available on website of the Fund as well as check for any unclaimed redemptions or IDCW payments.

In view of individual nature of tax consequences, each investor should seek appropriate advice.

For **HDFC Asset Management Company Limited**
**(Investment Manager to HDFC Mutual Fund)**

Place : Mumbai
Date : May 18, 2025

Sd/-
Authorized Signatory

**MUTUAL FUND INVESTMENTS ARE SUBJECT TO MARKET RISKS, READ ALL SCHEME RELATED DOCUMENTS CAREFULLY.**

JANA SMALL FINANCE BANK (A Scheduled Commercial Bank)

**Registered Office:** The Fairway, Ground & First Floor, Survey No.10/1, 11/2 & 12/2B, Off Domlur, Koramangla Inner Ring Road, Next to EGL Business Park, Challaghatta, Bangalore-560071. **Regional Branch Office:** 16/12, 2nd Floor, W.E.A, Arya Samaj Road, Karol Bagh, Delhi-110005.

# DEMAND NOTICE UNDER SECTION 13(2) OF SARFAESI ACT, 2002.

Whereas you the below mentioned Borrower's, Co-Borrower's, Guarantor's and Mortgagors have availed loans from **Jana Small Finance Bank Limited,** by mortgaging your immovable properties. Consequent to default committed by you all, your loan account has been classified as **Non performing Asset,** whereas **Jana Small Finance Bank Limited** being a secured creditor under the Act, and in exercise of the powers conferred under section 13(2) of the said Act read with rule 2 of Security Interest (Enforcement) Rules 2002, issued **Demand notice** calling upon the Borrower's/ Co-Borrower's/ Guarantor's/ Mortgagors as mentioned in column No.2 to repay the amount mentioned in the notices with future interest thereon within **60 days** from the date of notice, but the notices could not be served on some of them for various reasons.

| Sr. No. | Name of Borrower/ Co-Borrower/ Guarantor/ Mortgagor | Loan Account No. & Loan Amount | Details of the Security to be enforced | Date of NPA & Demand Notice date | Amount Due in Rs. / as on |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1) Mr. Sanjay Kumar Meena (Applicant), 2) Mrs. Nisha Meena (Co-Applicant) | Loan Account No. 34038240000092 Loan Amount: Rs.4,00,000/- | **Mortgaged Immovable Property - Schedule Property:** All that piece and parcel of the Immovable property bearing 1 Kitta Plot Area Measuring 50 Sq.yards out of total Area Measuring 8 Kanal 18 Marla from Khewat No.114, Khatauni No.135, Jamabandi Year 2003-04, Mu No.53, Killa No.12 (8-0), 18/1(0-1), 19/1(7-5), 20/1/1(2-7) and Khewat No.117, Khatani No.138, Mu. No.53, Killa No.20/1/2(0-9) situated at Karnera, Tehsil Ballabhgarh, District Faridabad, Haryana. Owned by **Sanjay Kumar Meena, S/o. Mr. Karan Singh Meena**. | Date of NPA: 04.05.2025 Demand Notice Date: 15.05.2025 | **Rs.3,29,413.00** (Rupees Three Lakhs Twenty Nine Thousand Four Hundred and Thirteen Only) **as of 12-05-2025** |
| 2 | 1) Mr. Ram Briksh Maurya (Applicant), 2) Mrs. Pushpa Devi (Co-Applicant) | Loan Account No. 30689630000154 30809630000312 Loan Amount: Rs.10,57,000/- Rs.4,00,000/- | **Mortgaged Immovable Property - Schedule Property:** All that piece and parcel of the Immovable Residential Property Area Measuring 36 Sq.yards i.e. 30.01 Sq.meters bearing Khasra No.11, situated at Village Shahberi, Sai Garden-3 Pargana & Tehsil Dadri District Gautam Budh Nagar. Owned by **Mr. Ram Briksh Maurya, S/o. Mr. Sant Raj Maurya. Bounded as: East:** Plot of Vishna Devi, **West:** Rasta 22 Feet wide, **North:** Plot of Others, **South:** Plot of Ram Naresh. | Date of NPA: 04.05.2025 Demand Notice Date: 16.05.2025 | **Rs.14,43,425.80** (Rupees Fourteen Lakhs Forty Three Thousand Four Hundred Twenty Five and Eighty Paisa Only) **as of 15-05-2025** |

Notice is therefore given to the Borrower/ Co-Borrower/ Guarantor & Mortgagor as mentioned in Column No.2, calling upon them to make payment of the aggregate amount as shown in column No.6, against all the respective Borrower/ Co-Borrower within **60 days** of Publication of this notice as the said amount is found payable in relation to the respective loan account as on the date shown in Column No.6. It is made clear that if the aggregate amount together with future interest and other amounts which may become payable till the date of payment, is not paid, **Jana Small Finance Bank Limited** shall be constrained to take appropriate action for enforcement of security interest upon properties as described in Column No.4. Please note that this publication is made without prejudice to such rights and remedies as are available to **Jana Small Finance Bank Limited** against the Borrower's/ Co-Borrower's/ Guarantor's/ Mortgagors of the said financials under the law, you are further requested to note that as per section 13(13) of the said act, you are restrained/ prohibited from disposing of or dealing with the above security or transferring by way of sale, lease or otherwise of the secured asset without prior consent of Secured Creditor.

**Date: 19.05.2025, Place: Delhi NCR** **Sd/- Authorised Officer, For Jana Small Finance Bank Limited**

**Form No. INC-26**
[Pursuant to rule 30 of the Companies (Incorporation) Rules, 2014]
**Advertisement to be published in the newspaper for change of registered office of the company from one state to another.**
**Before the Central Government**
**Regional Director, Northern Region, Delhi**
**Ministry of Corporate Affairs, Delhi**

In the matter of sub-section (4) of Section 13 of Companies Act, 2013, and clause (a) of sub-rule (5) of rule 30 of the Companies (Incorporation) Rules, 2014.

AND

In the matter of **MANVI ENTERPRISES PRIVATE LIMITED** (**CIN-** U51109DL2007PTC170715) having its Registered Office at 413, Left Ist Floor, DD Club 49, Neel Kanta CGHS, Rohini Sector 13, New Delhi-110085, India.

Notice is hereby given to the General Public that the Company proposes to make application to the Central Government under Section 13 of the Companies Act, 2013 seeking confirmation of alteration of the Memorandum of Association of the Company in terms of the special resolution passed at the Extra ordinary general meeting held on 07 th day of May, 2025 to enable the company to change its Registered office from **"NCT of Delhi" to the "State of Uttar Pradesh"**.

Any person whose interest is likely to be affected by the proposed change of the registered office of the company may deliver either on the MCA-21 portal (www.mca.gov.in) by filing investor complaint form or cause to be delivered or send by registered post of his/her objections supported by an affidavit stating the nature of his/her interest and grounds of opposition to the Regional Director, Northern Region, Delhi at B-2 Wing, 2nd Floor, Paryavaran Bhawan, CGO Complex, New Delhi – 110003, India within 14 fourteen days from the date of publication of this notice with a copy to the applicant company at its Registered Office at the address mentioned below:
"413, Left Ist Floor, DD Club 49, Neel Kanta CGHS, Rohini Sector 13, New Delhi- 110085, India."

For and on behalf of the Applicant
**Manvi Enterprises Private Limited**
**Sd/-**
**Vinod Duggal**
**Director** (**DIN:** 01718180)

**Date : 19.05.2025**
**Place : New Delhi**

THIS IS A PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR INFORMATION PURPOSES ONLY AND IS NOT A PROSPECTUS ANNOUNCEMENT AND DOES NOT CONSTITUTE AN INVITATION OR OFFER TO ACQUIRE, PURCHASE OR SUBSCRIBE TO SECURITIES. **NOT FOR RELEASE, PUBLICATION OR DISTRIBUTION DIRECTLY OR INDIRECTLY OUTSIDE INDIA**. INITIAL PUBLIC OFFERING OF EQUITY SHARES ON THE SME PLATFORM OF BSE LIMITED ("BSE SME") IN COMPLIANCE WITH CHAPTER IX OF THE SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA (ISSUE OF CAPITAL AND DISCLOSURE REQUIREMENTS) REGULATIONS, 2018, AS AMENDED ("**SEBI ICDR REGULATIONS**").

## PUBLIC ANNOUNCEMENT

DFC LOGISTICS

Please Scan this QR Code to view the Draft Prospectus

# DHILLON FREIGHT CARRIER LIMITED

(Formerly known as Dhillon Freight Carrier Private Limited)

Our Company was originally incorporated as a Private Limited Company in the name of "Dhillon Freight Carrier Private Limited" on May 28, 2014 under the provisions of the Companies Act, 2013 bearing Corporate Identification Number U60231WB2014PTC201923 issued by the Registrar of Companies - Kolkata. Subsequently, our company was converted into Public Limited Company under the provisions of the Companies Act, 2013 and the name of our Company was changed to "Dhillon Freight Carrier Limited" vide a fresh Certificate of Incorporation consequent upon conversion from Private Company to Public Company dated December 01, 2023 bearing Corporate Identification Number U60231WB2014PLC201923 issued by the Registrar of Companies – Kolkata. For further details of change in name and registered office of our company, please refer to section titled "Our History and Certain Corporate Matters" beginning on page no 135 of the Draft Prospectus.

**Registered Office:** Chatterjee International Building, 33A Jawaharlal Nehru Road, 20th Floor, Suite No. A03, Middleton Row, Kolkata-700071, India.
**Contact Person:** Mrs. Sneha Agarwal, Company Secretary & Compliance Officer; **Tel No:** +91 99031 30247
**E-Mail ID:** cs@dfclogistics.in; **Website:** www.dfclogistics.in; **CIN:** U60231WB2014PLC201923

**OUR PROMOTERS: MR. KARAN SINGH DHILLON, MR. KARAMVEER SINGH DHILLON AND MRS. JOYCE SINGH DHILLON**

**INITIAL PUBLIC OFFER OF 14,00,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹10/- EACH ("EQUITY SHARES") OF DHILLON FREIGHT CARRIER LIMITED (THE "COMPANY" OR THE "ISSUER") FOR CASH AT A PRICE OF ₹72/- PER EQUITY SHARE, INCLUDING A SHARE PREMIUM OF ₹62/- PER EQUITY SHARE (THE "ISSUE PRICE"), AGGREGATING TO ₹ 1,008.00 LAKHS ("THE ISSUE"), OF WHICH 70,400 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹10/- EACH FOR CASH AT A PRICE OF ₹72/- PER EQUITY SHARE, AGGREGATING TO ₹ 50.69 LAKHS WILL BE RESERVED FOR SUBSCRIPTIONS BY THE MARKET MAKER TO THE ISSUE (THE "MARKET MAKER RESERVATION PORTION").THE ISSUE LESS MARKET MAKER RESERVATION PORTION I.E. ISSUE OF 13,29,600 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹10/- EACH FOR CASH AT A PRICE OF ₹72/- PER EQUITY SHARE, AGGREGATING TO ₹ 957.31 LAKHS IS HERE IN AFTER REFERRED TO AS THE "NET ISSUE".THE ISSUE AND THE NET ISSUE WILL CONSTITUTE 35.71% AND 33.92% RESPECTIVELY OF THE POST ISSUE PAID UP EQUITY SHARE CAPITAL OF THE COMPANY.**

**THE FACE VALUE OF THE EQUITY SHARE IS ₹ 10 EACH. THE OFFER PRICE IS 7.2 TIMES THE FACE VALUE OF THE EQUITY SHARES.**

THIS OFFER IS BEING MADE IN TERMS OF CHAPTER IX OF THE SEBI (ISSUE OF CAPITAL AND DISCLOSURE REQUIRMENT) REGULATIONS, 2018 (THE "SEBI ICDR REGULATIONS") READ WITH RULE 19(2)(b)(i) OF SCRR AS AMENDED. THIS ISSUE IS A FIXED PRICE ISSUE AND ALLOCATION IN THE NET OFFER TO THE PUBLIC WILL BE MADE IN TERMS OF REGULATION 253(2) OF THE SEBI (ICDR) REGULATIONS, 2018. (For further details please see "**The Issue**" beginning on page no. 44 of this Draft Prospectus.) A copy will be delivered for filing to the Registrar of Companies as required under sub-section 4 of Section 26 of the Companies Act, 2013.

In terms of Regulation 256 of SEBI ICDR Regulations read with the SEBI Circular No. CIR/CFD/POLICYCELL/11/2015 dated November 10, 2015, and Unified Payments Interface (UPI) introduced vide SEBI Circular Ref: SEBI/HO/CFD/DIL2/CIR/P/2018/138 dated November 1, 2018 all the potential investors shall participate in the issue only through an Application Supported by Blocked Amount ("ASBA") process providing details about the bank account which will be blocked by the Self Certified Syndicate Banks ("SCSBs") for the same. Further, pursuant to SEBI Circular No. SEBI/HO/CFD/DCR2/CIR/P/2019/133 dated November 08, 2019, Individual Investors applying in public issue may use either Application Supported by Blocked Amount (ASBA) process or UPI payment mechanism by providing UPI ID in the Application Form which is linked from Bank Account of the investor. (For details in this regard, specific attention is invited to "**Issue Procedure**" beginning on page no. 252 of this Draft Prospectus.)

This public announcement is being made in compliance with the provisions of Regulation 247(2) of the SEBI ICDR Regulations to inform the public that our Company is proposing, subject to applicable statutory and regulatory requirements, receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to undertake an initial public offering of its Equity Shares pursuant to the Offer and has filed the Draft Prospectus dated May 15, 2025 with SME Platform of BSE Limited ("BSE SME"). Pursuant to Regulation 247(1) of the SEBI ICDR Regulations, the Draft Prospectus filed with BSE SME shall be made public for comments, if any, for a period of at least 21 days, from the date of such filing by hosting it on the website of BSE SME at and www.bseindia.com, on the website of the Company at www.dfclogistics.in and on the website of the Lead Manager, i.e. Finshore Management Services Limited at www.finshoregroup.com. Our Company invites members of the public to give their comments on the Draft Prospectus filed with BSE SME, with respect to disclosures made in the Draft Prospectus. The members of the public are requested to send a copy of their comments to BSE and/or to the Company Secretary and Compliance Officer of our Company on email id cs@dfclogistics.in and/or the Lead Manager on email id info@finshoregroup.com within 21 days from the aforesaid date of filing of the Draft Prospectus with BSE SME.

Investments in Equity and Equity related securities involve a degree of risk and investors should not invest any funds in this issue unless they can afford to take the risk of losing their entire investment. Investors are advised to read the risk factors carefully before taking an investment decision in the Issue. For taking an investment decision, investors must rely on their own examination of our Company and the Issue including the risks involved. The Equity Shares issued in the Issue have not been recommended or approved by the Securities and Exchange Board of India ("SEBI"), nor does SEBI guarantee the accuracy or adequacy of the Draft Prospectus. Specific attention of the investors is invited to the section "**Risk Factors**" beginning on page 23 of this Draft Prospectus.

Any decision to invest in the Equity Shares described in the Draft Prospectus may only be taken after the Prospectus has been filed with the RoC and must be made solely on the basis of such Prospectus as there may be material changes in the Prospectus from the Draft Prospectus. The Equity Shares, when offered through the Prospectus, are proposed to be listed on the **SME Platform of BSE Limited ("BSE SME")**.

For details of the share capital and capital structure and the names of the Signatories to the Memorandum of Association and the number of shares subscribed by them of our Company, please see the section titled "*Capital Structure*" beginning on page 56 of the Draft Prospectus. The liability of members of our Company is limited.

For details of the main objects of our Company as contained in the Memorandum of Association, please see the section titled "Our History and Certain Corporate Matters" beginning on page 135 of the Draft Prospectus.

| LEAD MANAGER TO THE ISSUE | REGISTRAR TO THE ISSUE |
|---|---|
| FINSHORE Creating Enterprise Managing Values<br>**FINSHORE MANAGEMENT SERVICES LIMITED**<br>Anandlok Building, Block-A, 2nd Floor, Room No. 207,<br>227 A.J.C Bose Road, Kolkata-700020, West Bengal, India<br>**Telephone:** +91 33 2289 5101/ 4603 2561<br>**Email:** info@finshoregroup.com<br>**Contact Person:** Mr. S. Ramakrishna Iyengar<br>**Website:** www.finshoregroup.com<br>**Investor Grievance Email:** investors@finshoregroup.com<br>**SEBI Registration No:** INM000012185<br>**CIN No:** U74900WB2011PLC169377 | KFINTECH EXPERIENCE TRANSFORMATION<br>**KFIN TECHNOLOGIES LIMITED**<br>Selenium Tower-B, Plot 31 & 32, Gachibowli, Financial District,<br>Nanakramguda, Serilingampally, Hyderabad – 500 032, Telangana.<br>**Telephone:** +91 40 6716 2222<br>**Email:** dfc.ipo@kfintech.com<br>**Contact Person:** M Murali Krishna<br>**Website:** www.kfintech.com<br>**Investor Grievance Email:** einward.ris@kfintech.com<br>**SEBI Registration Number:** INR000000221<br>**CIN No:** L72400TG2017PLC117649 |

All capitalized terms used herein and not specifically defined shall have the same meaning as ascribed in the Draft prospectus.

For **DHILLON FREIGHT CARRIER LIMITED**
On behalf of the Board of Directors
Sd/-
**Karan Singh Dhillon**
**Managing Director**
**DIN- 06588806**

**Place : Kolkata**
**Date : 17.05.2025**

**DHILLON FREIGHT CARRIER LIMITED** is proposing, subject to the receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to undertake an initial public offering of its Equity Shares and has filed the Draft Prospectus dated May 15, 2025 with SME Platform of BSE Limited ("BSE SME"). The Draft Prospectus is available on the websites of the BSE SME at www.bseindia.com, the website of the Company at www.dfclogistics.in and the website of the Lead Manager, ie. Finshore Management Services Limited at www.finshoregroup.com. Any potential investors should note that investment in equity shares involves a high degree of risk and for details relating to such risk, please see the section titled '*Risk Factors*" on page 23 of the Draft Prospectus. Potential investors should not rely on the Draft Prospectus filed with BSE SME for making any investment decision.

This announcement has been prepared for publication in India and may not be released in the United States. This announcement does not constitute an offer of securities for sale in any jurisdiction, including the United States, and any securities described in this announcement may not be offered or sold in the United States absent registration under the US Securities Act of 1933, as amended, or an exemption from registration. Any public offering of securities to be made in the United States will be made by means of a prospectus that may be obtained from the Company and that will contain detailed information about the Company and management, as well as financial statements. There will be no public offering of the Equity Shares in the United States.

## खबर कोना



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोनीपत में जल उपचार संयंत्र की आधारशिला रखी।

### विश्वविद्यालय के छात्रावास की नौवीं मंजिल से कूदकर युवती ने की आत्महत्या

चंडीगढ़, 18 मई (ब्यूरो)।

पंजाब के फगवाड़ा में एक निजी विश्वविद्यालय के छात्रावास की नौवीं मंजिल से कूदकर एक युवती ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने रविवार को बताया कि कर्नाटक की मूल निवासी आकांक्षा (21) ने विश्वविद्यालय से अभियांत्रिकी की पढ़ाई पूरी की थी और पिछले छह महीनों से वह नई दिल्ली में 'एअरोस्पेस इंजीनियर' के तौर पर काम कर रही थी। उसका जापान में नौकरी के लिए चयन हुआ था और वह कुछ प्रमाण पत्र और अन्य दस्तावेज लेने के लिए विश्वविद्यालय आई थी। हालांकि, पुलिस ने बताया कि उसने शनिवार रात छात्रावास की इमारत से कथित तौर पर छलांग लगा दी। सतनामपुरा थाना प्रभारी हरदीप सिंह ने कहा कि यह आत्महत्या का मामला प्रतीत होता है। हालांकि, मामले के हर पहलु की गहन जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि शव को फगवाड़ा के नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया गया है और उसके परिवार को सूचित कर दिया गया है।

### चलती रेलगाड़ी में चढ़ते समय पैर फिसलकर चपेट में आया युवक, मौत

अंबाला, 18 मई (जनसत्ता)।

अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन पर रेलगाड़ी के नीचे आने से एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन से दिल्ली जाने के लिए प्रदीप (35) अपने दोस्त सतनाम के साथ आया था। जब आम्रपाली एक्सप्रेस रेलगाड़ी स्टेशन पर पहुंची, तभी प्रदीप ने चलती रेलगाड़ी में चढ़ने का प्रयास किया। इस दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह रेलगाड़ी और रेल पटरियों के बीच फंस गया। गाड़ी के रुकने के बाद उसे बाहर निकला गया। रेलवे पुलिस की टीम ने उसे घायलावस्था में अंबाला के नागरिक अस्पताल में पहुंचाया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे चंडीगढ़ पीजीआइ स्थानांतरित कर दिया गया, लेकिन प्रदीप ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। चिकित्सकों ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए शवगृह में रखवा दिया गया है। अंबाला जीआरपी पुलिस थाना प्रभारी नरेंद्र राय ने बताया कि मृतक के परिजनों को मामले की जानकारी दे दी गई है। उनके आने के बाद शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।

तिरंगा यात्रा में कैबिनेट मंत्री ने तुर्किये को घेरा

# सांप को कितना भी दूध पिलाओ, वह डंक मारना नहीं छोड़ता : विज

चंडीगढ़, 18 मई (ब्यूरो)।

अंबाला छावनी में रविवार को पाकिस्तान से संघर्ष में भारत की सफलता के बाद सैनिकों के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इसमें ऊर्जा व परिवहन मंत्री अनिल विज ने तुर्की पर निशाना साधते हुए कहा कि ड्रोन हमलों में उसकी भूमिका सामने आई है। भारत ने भूकंप के समय तुर्किये की मदद की थी, लेकिन उसने पाकिस्तान का साथ देकर यह सिद्ध कर दिया कि सांप को कितना भी दूध पिलाओ, वह डंक मारना नहीं छोड़ता। पूरे देश ने तुर्किये और अजरबैजान से व्यापार बंद करने का निर्णय लिया है, पर्यटकों ने न जाने का निर्णय लिया है, उससे ही उसे तगड़ा झटका लगेगा।

विज ने जनसभा में कहा कि भारतीय सेनाओं ने चार दिन के भीतर पाकिस्तान में नौ आतंकी अड्डों को ध्वस्त कर दिया और लगभग 100 आतंकवादियों व 45 सैनिकों को मार गिराया। ब्राह्मोस मिसाइलों से आतंकी ठिकानों, एयरबेस और कमांड केंद्रों को तबाह किया गया। आज का हिंदुस्तान अपने दुश्मनों को जवाब देना जानता है। अंबाला की सड़कों पर उमड़े लोग यह दर्शाते हैं कि देश की जनता हर लड़ाई में सेनाओं के साथ खड़ी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्पष्ट निर्देश हैं कि एक-एक उग्रवादी का सफाया किया जाएगा और तब तक हम चैन से नहीं बैठेंगे। किसी भी लड़ाई में देश के लोगों का होना अहम होता है, इस समय देश पूरी तरह से नरेंद्र मोदी के साथ खड़ा है जिस प्रकार सेना सरहदों पर हमारी रक्षा कर रही है, उसी प्रकार जनता भी अपने-अपने स्थानों एहसास करवाते हुए कि हम आपके साथ हैं, जरूरत पड़ी तो हम सीमा पर आपके साथ हैं। कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि अभी लड़ाई पूरी तरह से खत्म नहीं हुई है, क्योंकि पाकिस्तान के रवैये पर निर्भर करता है, एक-एक आंतकवादी के अड्डे को ध्वस्त किया जाएगा।

तिरंगा यात्रा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के समक्ष से प्रारंभ हुई जोकि कबाड़ी बाजार, केसरा बाजार, पुल चमेली, पुरानी सब्जी मंडी, डीसी रोड, बजाजा बाजार, सदर बाजार, निशात सिनेमा सड़क मार्ग से होती हुई वापस महाविद्यालय परिसर पर संपन्न हुई। यात्रा में हजारों की संख्या में शामिल लोग हाथों में तिरंगा लिए हुए थे। अलग-अलग बाजारों में दुकानदारों व बाजार संघों ने फूलों के साथ यात्रा का स्वागत किया। इसमें हजारों लोगों ने जोश और जुनून के साथ भाग लिया। आमजन के अलावा विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, व्यापारी संगठनों, पूर्व सैनिकों, राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेट्स और विद्यार्थियों ने भी यात्रा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मौके पर एसडीएम विनेश कुमार, पुलिस उपाधीक्षक रमेश कुमार, नगर परिषद अध्यक्ष स्वर्ण कौर समेत अनेक सामाजिक, धार्मिक व व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।



*'आतंकियों को उनके घर में घुसकर मारेंगे'*

ऊर्जा व परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि अंबाला की सड़कों पर तिरंगा लेकर जिन सैनिकों ने पाकिस्तान के दांत खट्टे किए हैं, उनका सम्मान करने और उन्हें यह बताने के लिए कि हर लड़ाई में जनता उनके साथ है। उन्होंने कहा कि आतंकियों को उन्हें उनके घर में घुसकर मारेंगे। 40 वर्षों में पहली बार उन्होंने इतनी बड़ी और जोश के साथ इतनी बड़ी तिरंगा यात्रा देखी है। पाकिस्तान पिछले लंबे समय से अपनी खुराफातों में लगा था और पहलगाम में पाक परस्त आतंकियों ने धर्म पूछ-पूछकर निहत्थे लोगों को गोलियां मारी और उन्हें मारा।

# भारत से निकाले गए पाकिस्तानी अधिकारी के संपर्क में थी ज्योति

## पहलगाम हमले से पहले पाकिस्तान गई थी

चंडीगढ़, 18 मई (जनसत्ता)।

जासूसी के आरोप में पकड़ी गई हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा पहलगाम हमले से पहले पाकिस्तान गई थी। हिसार के पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के अनुसार पाकिस्तान के खुफिया एजंट उसे अपने जासूस के तौर पर तैयार कर रहे थे। वह प्रायोजित यात्रा पर पाकिस्तान जाती थी।

पुलिस अधिकारी ने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच चार दिनों तक चले सैन्य संघर्ष के दौरान वह कथित तौर पर नई दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग में तैनात एक पाकिस्तानी अधिकारी दानिश के संपर्क में थी। हालांकि मल्होत्रा के पास सैन्य या रक्षा अभियानों से जुड़ी ऐसी कोई भी जानकारी नहीं थी, जिसके बारे में इस समय कहा जा सके कि वह साझा कर सकती थी, लेकिन वह सीधे पाकिस्तानी खुफिया अधिकारी के संपर्क में थी।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि निश्चित रूप से, वे उसे एक अपनी जासूस के रूप में तैयार कर रहे थे। वह अन्य यूट्यूबर प्रभावशाली लोगों के संपर्क में थी। हिसार की रहने वाली ज्योति मल्होत्रा, 'ट्रेवल विद जेओ' नामक यूट्यूब चैनल चलाती है।

पुलिस अधीक्षक सावन ने बताया कि मल्होत्रा से हरियाणा पुलिस पूछताछ कर रही है। उसके वित्तीय लेन-देन, यात्रा विवरण, वह कहां गई और किससे मिली, इसका विश्लेषण कर रहे हैं। पुलिस केंद्रीय एजंसियों के संपर्क में भी है। अधिकारी ने कहा कि मल्होत्रा पीआइओ के संपर्क में थी और वह कई बार पाकिस्तान और एक बार चीन जा चुकी है। पहलगाम आतंकी हमले के दौरान उसकी गतिविधियों के बारे में किसी भी उन्होंने कहा उसके लैपटाप और अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरणों का फारेंसिक विश्लेषण किया जाएगा। इसके बाद यह स्पष्ट हो जाएगा कि उसने क्या जानकारी साझा की।

*भारतीय बैंक खातों से ही होता था नोमान इलाही को भुगतान*

**चंडीगढ़** : हरियाणा की पानीपत पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए जासूस नोमान इलाही ने रिमांड के दौरान पूछताछ में कई अहम खुलासे किए हैं। नोमान ने रेलगाड़ियों में जासूसी के वीडियो पाकिस्तान में बैठे आतंकी इकबाल काना को भेजे लेकिन उसे पाकिस्तान से कोई भुगतान नहीं हुआ। पानीपत पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सात दिन के रिमांड के दौरान नोमान से हर पहलू पर पूछताछ की जा रही है। नोमान को हमेशा भारतीय बैंक खातों से भुगतान किया जाता रहा है जिस कारण किसी को शक भी नहीं हुआ। कई लोगों के खातों में पैसे स्थानांतरित किए गए। जांच के दौरान पुलिस ने एक दर्जन से ज्यादा ऐसे बैंक खातों की जांच शुरू की है। इलाही पर प्रशिक्षित आइएसआइ जासूस होने का संदेह है। सीआइए ने उत्तर प्रदेश के कैराना से उसका पासपोर्ट जब्त कर लिया है जिसकी वैधता 2010 में समाप्त हो चुकी थी। सूत्रों ने कहा कि आरोपी ने दावा किया था कि वह 2017 में पाकिस्तान गया था। एजंसियां 2017 में उसकी पाकिस्तान यात्रा के बारे में सभी विवरण प्राप्त करने की कोशिश कर रही हैं। नोमान इलाही का पांच साल की उम्र में ही पासपोर्ट बन गया था। वह 2010 तक तीन बार पाकिस्तान जा चुका था। उसका नवीकृत पासपोर्ट बरामद नहीं हो पाया है। इसके बारे में पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

# लुधियाना पश्चिम उपचुनाव में मेरी लड़ाई अरविंद केजरीवाल से : आशु

चंडीगढ़, 18 मई (ब्यूरो)।

लुधियाना पश्चिम विधानसभा उपचुनाव के लिए कांग्रेस उम्मीदवार भारत भूषण आशु ने रविवार को कहा कि उनका मुकाबला आम आदमी पार्टी (आप) के उम्मीदवार से नहीं, बल्कि पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल से है, जो कथित तौर पर पंजाब से राज्यसभा में पीछे के रास्ते से प्रवेश करने की कोशिश कर रहे हैं।

आशु ने लुधियाना पश्चिम विधानसभा विधानसभा क्षेत्र में कई बैठकों को संबोधित किया और आरोप लगाया कि संजीव अरोड़ा चुनाव लड़ने के लिए हिचकिचा रहे थे, क्योंकि उन्हें जमीनी स्थिति का पूरा अंदाजा था। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री रह चुके आशु ने दावा किया कि संजीव अरोड़ा ने चुनाव लड़ने को लेकर काफी विरोध जताया था, क्योंकि उन्हें जमीनी स्थिति का अच्छी तरह से अंदाजा था। बावजूद इसके, उन्हें मजबूरन चुनाव मैदान में उतारा गया, क्योंकि आम आदमी पार्टी के लिए यह जरूरी था कि अरविंद केजरीवाल के राज्यसभा में प्रवेश के लिए एक सीट खाली हो।

अमृतसर में हुई जहरीली शराब त्रासदी के लिए निशाना साधते हुए आशु ने कहा कि लोग जहरीली शराब पीने से लोगों की जान जा रही है और सत्तारूढ़ पार्टी दावा कर रही है कि उसने नशा खत्म कर दिया है। आशु ने कहा कि आम आदमी पार्टी पूरी तरह बेनकाब हो चुकी है क्योंकि वह अपने किए गए वादों को पूरा करने में विफल रही हैं।



**रोष** चंडीगढ़ के हल्लो माजरा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ मामला दर्ज करने को लेकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते चंडीगढ़ युवा कांग्रेस के सदस्य। -कमलेश्वर सिंह

# कैथल में पकड़े गए पाकिस्तानी जासूस से राष्ट्रीय जांच एजंसी ने की पूछताछ

चंडीगढ़, 18 मई (जनसत्ता)।

हरियाणा पुलिस द्वारा कैथल में गिरफ्तार किए गए पाकिस्तानी जासूस देवेंद्र सिंह के मामले की जांच में अब राष्ट्रीय जांच एजंसी (एनआइए) आ गई है। रविवार को एनआइए की एक टीम कैथल पहुंची और देवेंद्र से पूछताछ की। कैथल पुलिस ने इस पूछताछ की पुष्टि की है।

मस्तगढ़ निवासी देवेंद्र सिंह सिख धार्मिक स्थलों के दर्शन करने पाकिस्तान गया था। वहां एक लड़की ने उसे हनीट्रैप में फंसाया। इसके बाद सात दिन तक अपने साथ रखा। लड़की ने उसे पाकिस्तान में जासूसी का प्रशिक्षण दिया। फिर उसने उसका संपर्क पाकिस्तान की खुफिया एजंसी के पांच एजंटों से करवाया। लड़की ने उसे लालच दिया कि अगर वह गुप्त सूचना देगा तो वह उसकी दोस्ती खूबसूरत लड़कियों से करवा देगी। इसके अलावा उसे पैसे भी मिलेंगे।

एनआइए के दो अधिकारी अभी कैथल में ही हैं। आशंका जताई जा रही है कि बहुत जल्द देवेंद्र सिंह को एनआइए द्वारा हिरासत में लिया जा सकता है। कैथल पुलिस ने देवेंद्र को पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। रविवार को कैथल पहुंची एनआइए की टीम ने आरोपी से मामले से जुड़े पहलुओं पर पूछताछ की।

पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी ने बताया कि मामले की जांच के लिए टीम कैथल आई थी। आरोपी से मामले के बारे में पूछताछ की गई और तथ्य जुटाए गए। उन्होंने बताया कि मामले को लेकर विशेष जांच दल (एसआइटी) का गठन किया गया है। इसकी अध्यक्षता पुलिस उपाधीक्षक गुरविंदर सिंह को दी गई है। एसआइटी में साइबर थाना प्रभारी उप निरीक्षक सुभ्रांशु, सिविल लाइन थाना के निरीक्षक साहिल कुमार और विशेष जासूसी इकाई के प्रभारी उप निरीक्षक रमेश कुमार शामिल हैं।

*हरियाणा* पुलिस ने किया विशेष जांच दल का गठन।

# शेखावत को सौंपा मुख्य सूचना आयुक्त का प्रभार

चंडीगढ़, 18 मई (जनसत्ता)।

हरियाणा में कोई भी नेता प्रतिपक्ष न होने के कारण जहां सूचना आयुक्तों तथा मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति अटक गई है। वहीं, कामकाज को सुचारू रूप से चलाने के लिए सरकार ने एक सूचना आयुक्त को मुख्य सूचना आयुक्त का कार्यभार सौंप दिया है।

हरियाणा में सूचना आयुक्तों की तैनाती को लेकर बैठक हो चुकी है। कांग्रेस की तरफ से न तो नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति की जा रही है और न ही किसी विधायक को नामजद किया जा रहा है जिसके चलते सरकार के कई संवैधानिक कार्य अटके हुए हैं।

सूचना आयोग के कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए सरकार ने वर्तमान राज्य सूचना आयुक्त प्रदीप कुमार शेखावत को राज्य के मुख्य सूचना आयुक्त का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है। यह कार्यभार तब तक उनके पास रहेगा जब तक नए मुख्य सूचना आयुक्त की विधिवत नियुक्ति नहीं हो जाती या सरकार द्वारा कोई नया आदेश जारी नहीं किया जाता।

**विनसम टैक्सटाइल इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड**
CIN: L17115HP1980PLC005647
पंजी. कार्यालय: 1, इंडस्ट्रीयल एरिया, बद्दी, जिला सोलन (हि. प्र.)- 173205
फोन: 01795-244045, फैक्स: 01795-244287
ई-मेल: cswtil@winsometextile.com, www.winsometextile.com

दिनांक 31 मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का सारांश
(इपीएस डाटा को छोड़कर रु. लाखों में)

| विवरण | समाप्त तिमाही | | | समाप्त वर्ष | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 31.03.2025 | 31.12.2024 | 31.03.2024 | 31.03.2025 | 31.03.2024 |
| | (अंकेक्षित) | (अनंकेक्षित) | (अंकेक्षित) | (अंकेक्षित) | (अंकेक्षित) |
| प्रचालनों से कुल आय | 22526 | 20127 | 21927 | 86816 | 82576 |
| कर, विशेष तथा/या असाधारण मदों से पूर्व शुद्ध लाभ | 869 | 750 | 928 | 3511 | 2487 |
| कर से पूर्व शुद्ध लाभ (विशेष तथा/या असाधारण मदों के बाद) | 869 | 750 | 928 | 3511 | 2487 |
| कर के बाद शुद्ध लाभ/(हानि) | 694 | 549 | 697 | 2807 | 1868 |
| कुल व्यापक आय | 685 | 554 | 719 | 2813 | 1883 |
| भुगतान इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य-10/-रु. प्रति का) | 1982 | 1982 | 1982 | 1982 | 1982 |
| आरक्षित | – | – | – | 28337 | 25524 |
| आय प्रति शेयर (रु. 10/- प्रति का) (जारी और बंद प्रचालनों के लिए) (वार्षिकी नही) | | | | | |
| - मूल | 3.45 | 2.80 | 3.63 | 14.19 | 9.50 |
| - तनुकृत | 3.45 | 2.80 | 3.63 | 14.19 | 9.50 |

**टिप्पणी:** उपरोक्त विवरण सेबी (आपत्तियों के सूचीकरण तथा अन्य प्रकृटीकरण अपेक्षांए) विनियमनों, 2015 के विनियमन 33 के अंतर्गत शेयर बाजार में दाखिल किए गए समाप्त तिमाही और वर्ष के वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सार है। कथित समाप्त तिमाही और वर्ष के वित्तीय परिणामों का संपूर्ण विवरण शेयर बाजार की वेबसाईट www.bseindia.com और कम्पनी की वेबसाईट www.winsometextile.com पर उपलब्ध हैं।

हिते एवं कृते बोर्ड
हस्ता./-
आशीष बगरोडिया
अध्यक्ष तथा प्रबंध निदेशक
DIN: 00047021

दिनांक: 17.05.2025
स्थान: चंडीगढ़

पीएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने किया दौरा | **विकास** | रंगीन फव्वारों और संगीत प्रणाली करेगी आकर्षित

# पंचकूला के बड़े उद्यानों का होगा कायाकल्प

पंचकूला, 18 मई (जनसत्ता)।

शहर के सबसे बड़े और प्रमुख उद्यानों में शाम के समय अब एक आकर्षक नजारा देखने को मिलेगा। पंचकूला महानगर विकास प्राधिकरण (पीएमडीए) शहर के बड़े उद्यानों का सौंदर्यीकरण करने जा रहा है। संगीत की मधुर धुनों पर रंग-बिरंगे फव्वारों की छटा लोगों को मंत्रमुग्ध करेगी। करीब सात से आठ साल बाद इन उद्यानों में व्यापक स्तर पर विकास कार्य होंगे।

पंचकूला महानगर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनय कुमार ने अभियंता शाखा के अधिकारियों के साथ सेक्टर-पांच स्थित निर्झर वाटिका का दौरा किया। आठ साल बाद उद्यान में 1.10 किलोमीटर लंबा सिंथेटिक ट्रैक बनाया जाएगा। इसके साथ ही यहां पुराने फव्वारे और जल निकाय (वाटर बाडी) को भी दुरुस्त किया जाएगा। इस पार्क के कायाकल्प पर करीब एक करोड़ 22 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। 20 एकड़ क्षेत्र में फैले सिटी फाउंटेन पार्क में लंबे समय से बंद पड़े फव्वारों को फिर से चालू किया जाएगा। इसके लिए 12 मोटर की मरम्मत की जाएगी।

वहीं, सिल्वर जुबली पार्क और टोपेरी पार्क में भी सौंदर्यीकरण का कार्य किया जाएगा। टोपेरी पार्क में सड़कों से आने वाले बारिश के पानी को पार्क में भरने से रोकने के लिए रिचार्ज वेल बनाए जाएंगे। इन सभी प्रमुख पार्कों में संगीत व्यवस्था भी की जाएगी ताकि लोगों को सैर के साथ-साथ एक बेहतर अनुभव मिल सके। पंचकूला महानगर विकास प्राधिकरण का उद्देश्य इन पार्कों को फिर से पंचकूला के लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनाना है।

*निर्झर वाटिका में होगा 'सिंथेटिक ट्रैक' का निर्माण : ज्ञानचंद गुप्ता*

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने भी शनिवार को सेक्टर पांच स्थित निर्झर वाटिका का निरीक्षण किया और उद्यान को और अधिक सुंदर, सुविधाजनक और आधुनिक बनाने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि पार्क में 1.25 करोड़ की लागत से 'सिंथेटिक ट्रैक' का निर्माण जल्द शुरू होगा। यहां सभी फव्वारे, लाइटें और संगीत प्रणाली अगले 15 दिनों में चालू किए जाएंगे। इसके लिए 35 लाख रुपए की स्वीकृति पहले ही दी जा चुकी है। पार्क में पानी की आपूर्ति, प्रकाश व्यवस्था और नए शौचालय का निर्माण भी शीघ्र होगा। उन्होंने ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों के मोबाइल नंबर सार्वजनिक सूचना बोर्ड पर लगाने के निर्देश दिए ताकि आमजन अपनी शिकायतें सीधे संबंधित विभाग तक पहुंच सके। इन कार्यों पर 14 जून पुनः निरीक्षण कर प्रगति रपट ली जाएगी।